संख्या-31/2018/क0नि0-4-689/11-2018-300(18)/2018

प्रेषक,

अरविन्द कुमार,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 06 जुलाई, 2018**

विषयः- वाणिज्य कर कार्यालय भवन जनपद-गाजियाबाद में 02 नई लिफ्ट लगाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-स0नि0-266 गाजियाबाद/कार्य0 भवन लिफ्ट/2018-19/226/वाणिज्य कर, दिनाँक 31 मई, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाणिज्य कर कार्यालय भवन जनपद-गाजियाबाद में 02 नई लिफ्टें लगाये जाने हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, गाजियाबाद यूनिट, गाजियाबाद द्वारा लिफ्ट एवं आवश्यक मशीन तथा लिफ्टवेल के लिए प्रस्तुत आगणन धनराशि रूपया-171.27 लाख (रूपया एक करोड़ इकहत्तर लाख सत्तसाईस हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(i) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-30.03.2018 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(ii) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है, उसी मद पर व्यय किया जायेगा।

(iii) कार्य की विशिष्टियाँ, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी कमिश्नर, वाणिज्य कर की होगी। कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।

(iv) प्रयोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने के दृष्टिगत परियोजना की स्वीकृति से पूर्व कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष-2018-19 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-89 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-08- वाणिज्य कर कार्यालय भवनों में लिफ्ट की स्थापना-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

संख्या-31/2018/क0नि0-4-689(1)/11-2018, तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
2. निदेशक, वित्तीय सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

3. मुख्य कोषाधिकारी, गाजियाबाद उ0प्र0।
4. एडी0 कमिश्नर (लेखा), वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ।
5. परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 गाजियाबाद यूनिट, अमृत नगर, गाजियाबाद।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9
7. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(अरविन्द कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।